# अध्याय 10

# मीठी सारंगी

## पाठ आधारित प्रश्न

1. प्रश्नों के सही विकल्प पर (✓) का निशान लगाइए।

(i) सारंगी वाले ने सारंगी बजाना कब बंद किया?

(क) दिन के दो–तीन बजे ☐ (ख) रात के तीन–चार बजे ☐

(ग) सुबह ☐ (घ) दोपहर के बारह–एक बजे ☐

(ii) लोगों ने सारंगी वाले से कितने दिन रूकने के लिए कहा था?

(क) पाँच–सात दिन ☐ (ख) तीन–चार दिन ☐

(ग) दो–चार दिन ☐ (घ) सात–आठ दिन ☐

(iii) सारंगी वाला सारंगी कहाँ रखकर सो गया था?

(क) पलंग के नीचे ☐ (ख) कमरे में ☐

(ग) छत पर ☐ (घ) सिरहाने में ☐

(iv) भोला को किसमें ज़रा भी मिठास नहीं आई?

(क) सारंगी में ☐ (ख) शहर में ☐

(ग) मिठाई में ☐ (घ) आम में ☐

2. दिए गए शब्दों से खाली स्थान भरिए।

(i) लोगों की बातें सुनकर भोला मन ही मन .................................. । (खुश हुआ / झुँझलाया)

(ii) सारंगी वाले ने सारंगी पर .................................. चढ़ाई। (तार / खोली)

(iii) .................................. फेंकने के बाद भोला सो गया। (सारंगी / तलवार)

(iv) भोला को लगा कि सब लोग बाबा जी की झूठी .......................... कर रहे हैं। (उपेक्षा / खुशामद)

(v) सारंगी वाले के सारंगी बजाने की कला से गाँव के लोग ......................... रह गए। (दंग / दुखी)

(vi) रात ज्यादा हो जाने के कारण लोग ................................ पर ही सो गए। (चौपाल/घर)

3. नीचे दिए गए कथनों में से सत्य कथन के लिए (✓) तथा गलत कथन के लिए (×) का चिह्न लगाइए।

(i) भोला ने सारंगी का खोल नहीं उतारा। ☐

(ii) भोला ने सारंगी को नाक से सूँघा था। ☐


(iii) सवेरा होने पर सारंगी अपने स्थान पर यथावत मिली। ☐

(iv) भोला ने गाँव वालों को झूठा कहा था। ☐

(v) सारंगी चखने पर मीठी थी। ☐

(vi) सारंगी से निकलने वाली आवाज़ सुनने में अच्छी लगती थी। ☐

(vii) सारंगी के आस–पास मधुमक्खियाँ भिनभिना रही थीं। ☐



4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) गाँव में कौन आया?

________________________________________

(ii) गाँव के लोग रात में इकट्ठे क्यों हुए?

________________________________________

(iii) गाँव के लोग क्या सुनकर दंग रह गए?

________________________________________

(iv) गाँव के लोगों की बातें कौन सुन रहा था?

________________________________________

egyanarchive

(v) भोला सारंगी वाले के पास जाकर क्यों बैठ गया?

-----------------------------------------------------------

(vi) भोला ने सारंगी को कहाँ ले जाकर फेंक दिया?

-----------------------------------------------------------

(vii) सारंगी वाला और गाँव के लोग सुबह दुखी क्यों हुए?

-----------------------------------------------------------

(viii) भोला क्या सोच रहा था?

-----------------------------------------------------------

(ix) सारंगीवाले ने गाना–बजाना कब बंद किया?

-----------------------------------------------------------

(x) गाँववालों ने सारंगीवाले से क्या कहा?

-----------------------------------------------------------

(xi) सब लोग कहाँ सो गए?

-----------------------------------------------------------

(xii) सारंगी मीठी न लगने पर भोला ने क्या किया?

-----------------------------------------------------------

(xiii) लोगों ने सिर क्यों पीट लिया?

-----------------------------------------------------------

egyanarchive

5. नीचे दी गई पंक्तियों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

तब तक रात ज़्यादा हो गई थी। इस कारण लोग घर नहीं गए। वहीं चौपाल में सो गए। सारंगी वाले ने भी सारंगी पर खोली चढ़ाई और उसे अपने सिरहाने रखकर सो गया, पर भोला को चैन कहाँ था? जब लोग नींद में खर्राटे लेने लगे तब उसके चुपके से उठकर वह सारंगी उठा ली और ऊपर का खोल उतार कर उसे जीभ से चाटा। कुछ स्वाद नहीं आया। अब उसने सारंगी को खूब हिलाया। उसके छेद को मुँह के पास लगाकर मुँह में उँड़ेला, पर सारंगी से एक भी मीठी बूँद नहीं निकली। वह लोगों की बेवकूफ़ी पर बहुत ही झुँझलाया। अब की बार उसने सारंगी को गाँव से बाहर दूर ले जाकर फेंक दिया। वह लोगों की बेवकूफ़ी पर हँसता हुआ अपनी जगह पर आकर चुपचाप सो गया।

(i) रात होने पर लोग कहाँ सो गए?

(क) घरों में ☐ (ख) सड़क पर ☐

(ग) चौपाल में ☐ (घ) ज़मीन पर ☐

(ii) सबके सोने पर भी किसको चैन नहीं था?

(क) सारंगी वाले को ☐ (ख) भोला को ☐

(ग) गाँव वालों को ☐ (घ) सारंगी को ☐

(iii) लोगों के सोने की कैसी आवाज़ें आ रही थी?

(क) खर्राटे की ☐ (ख) साँसों की ☐

(ग) सारंगी की ☐ (घ) बड़बड़ाने की ☐

(iv) भोला ने जीभ से क्या चाटा?

_______________________________________________

(v) भोला ने सारंगी के छेद को मुँह के पास लगाकर क्या किया?

_______________________________________________

(vi) सारंगी से कैसी बूँद नहीं निकली?

_______________________________________________

egyanarchive

## भाषा आधारित प्रश्न

1. नीचे दिए गए शब्दों को उनके अर्थ से मिलाइए।

| | शब्द | | अर्थ |
|---|---|---|---|
| (i) | आनंद | (क) | आवरण |
| (ii) | चौपाल | (ख) | खीझना |
| (iii) | सिरहाना | (ग) | उलटना, गिराना |
| (iv) | बेवकूफ़ी | (घ) | खुशी |
| (v) | झुँझलाना | (ङ) | सोने के समय सिर के नीचे का स्थान |
| (vi) | उड़ेलना | (च) | चबूतरा |
| (vii) | खोली | (छ) | मूर्खता |

2. नीचे कुछ चीज़ें दी गई हैं। उनके स्वाद के नाम लिखो–

| | चीज़ | स्वाद |
|---|---|---|
| (i) | आम | .................................. |
| (ii) | मिर्च | .................................. |
| (iii) | नींबू | .................................. |
| (iv) | शहद | .................................. |
| (v) | करेला | .................................. |
| (vi) | नमक | .................................. |
| (vii) | चीनी | .................................. |

egyanarchive

3. उचित स्थान पर चंद्रबिंदु ( ँ ) लगाकर लिखो–

मागना, झासी, कापना, आधी, चाद, साप

.............................. .............................. .............................. .............................. ..............................

4. निम्नलिखित वर्णों से दो–दो शब्द लिखो–

(i) च्छ – .................................... ....................................

(ii) झ – .................................... ....................................

(iii) र् – .................................... ....................................

(iv) स्स – .................................... ....................................

5. विलोम शब्द लिखो–

(i) दिन × .....................................  (ii) अच्छी × .....................................

(iii) झूठे × .....................................  (iv) सोना × .....................................

6. वचन बदलो–

(i) सारंगी – .......................................  (ii) झूठा – .......................................

(iii) बूँद – .......................................  (iv) बात – .......................................

# रचनात्मक लेखन

1. दी गई वर्ग–पहेली से संगीत के वाद्य–यंत्रों के नाम ढूँढ़कर लिखो तथा यह भी बताओ कि आपको इनमें से कौन–सा वाद्य–यंत्र अच्छा लगता है? उसका चित्र भी बनाओ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हा | र | मो | नि | य | म |
| ल | त | ब | ला | च | प |
| ढो | बाँ | सु | री | गि | इ |
| ल | ड | फ | ली | टा | क |
| क | ह | सि | ता | र | ता |
| वी | णा | स | ढो | ल | रा |

मुझे ...................................... अच्छा लगता है।

............................................... ............................................... ...............................................

............................................... ............................................... ...............................................

............................................... ............................................... ...............................................

............................................... ...............................................

***********